E-mail ID - fodro.jbp@gmail.com

Phone/Fax- 0761-2422647

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय
(क्षेत्र संकार्य प्रभाग)
मध्यप्रदेश (पूर्व)
जे.डी.ए.बिल्डिंग, प्रथम तल, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर 482001.

सं- ए-12026/1/स्थापना/मप्रपू/2014 -प्रशासनिक कर्मचारी भर्ती **दिनांक 16-06-2014**

16 JUN 2014

कार्यालय ज्ञापन

विषय :- केन्द्र एवं राज्य सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रशासनिक अनुभाग के पदों के लिए संविदा आधार पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत् ।

नेशनल सैम्पल सर्वे ऑफिस, क्षेत्रीय कर्यालय जबलपुर में संविदा आधार पर प्रशासनिक कार्य हेतु, केन्द एवं राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से 03(तीन) पदों (जो कम या अधिक भी हो सकता है) के लिये संलग्न आवेदन पत्र पर, निम्नलिखित शर्तों पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

1. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.06.2014 होगी। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रो पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. दिनांक 01.07.2014 को अभ्यार्थी की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. संविदा की अवधि पदस्थापना दिनांक से 15.07.2015 तक होगी जो नियमित प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी के पदस्थ होने अथवा अन्य तकनीकी/प्रशासनिक कारणों से पूर्व में भी समाप्त की जा सकती है।
4. चयनित अभ्यार्थियों को प्रशासनिक अनुभाग में दिये जाने वाले कार्यों को समय-समय पर पूरा करना होगा। ये कार्य प्रवर/अवर श्रेणी लिपिक स्तर के होंगे।
5. चयनित अभ्यार्थी को द्विपक्षीय अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे जिसमें विस्तृत सेवा शर्ते निहित रहेगी।
6. चयनित क्षेत्र अधिकारियों को प्रतिमाह रुपए 12,100/- (रुपए बारह हजार एक सौ मात्र) पारिश्रमिक (Remuneration)के रुप में दिया जायेगा।
7. यदि आवेदकों की संख्या निर्धारित पदों से ज्यादा हुई तो चयन अनुभव/साक्षात्कार के आधार पर होगा।
8. अभ्यार्थी अपने आवेदन पत्र के साथ, पूर्व में किये गये कार्य संबंधी, अनुभव प्रमाण पत्र विस्तृत विवरण के साथ प्रस्तुत करें।

इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी अपने आवेदन पत्र सीधे डाक से या कार्यालय के ई-मेल fodro.jbp@gmail.com पर भी प्रेषित कर सकते हैं।

संलग्नः- आवेदन पत्र का प्रारुप।

16/6

(पी.एल.सिंह माना)
सहायक निदेशक/कार्या.प्रमुख

प्रति,
प्रभारी प्रशासन/वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी/सूचना पटल,
क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, रीवा एवं सागर।

प्रतिलिपि:-

1. उप-महानिदेशक, एन.एस.एस.ओ. (एफ.ओ.डी), क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल/ग्वालियर को इस अनुरोध के साथ कि इस पत्र का अपने स्तर पर व्यापक प्रचार/प्रचार करें।
2. उप-निदेशक (प्रशासन), एन.एस.एस.ओ. (एफ.ओ.डी), मुख्यालय नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

16/6

(पी.एल.सिंह माना)
सहायक निदेशक/कार्या.प्रमुख

16 JUN 2014

संविदा आधार पर प्रशासनिक अनुभाग में भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारुप

1	सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी का नाम	
2	जन्मतिथि	
3	निवास का पूरा पता	
4	ई-मेल आई डी एवं मोबाईल नंबर	
5	विभाग का नाम एवं पूरा पता	
6	सेवानिवृत्ति के समय धारित पद	
7	शासकीय सेवा में रहते हुए किये गये विशेष कार्य (यदि कोई हो) तो स्पष्ट करें।	
8	सेवानिवृत्ति के पश्चात् किये जाने वाले कार्यों का विवरण, यदि कोई हो तो दिनांक सहित उल्लेख करें।	
9	प्रशासनिक कार्यों का अनुभव, यदि हो तो संक्षिप्त में विवरण दें	
10	कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान एवं कम्प्यूटर पर टाईपिंग करने का अनुभव, जो कि अनिवार्य है (हॉ/नहीं)	
11	क्या आपके विरुद्ध कोई अनुशासनात्क/कानूनी कार्रवाई चल रही है अथवा लंबित है ? यदि हॉ तो विवरण दें	
12	अन्य सूचना	

मैं प्रमाणित करता हूॅ कि उपरोक्त दी गई संपूर्ण जानकारी मेरे अनुसार पूर्णत: सत्य है एवं इनमें मैंने किसी भी प्रकार की कोई जानकारी छिपाई नहीं है।

स्थान:-

दिनांक:-

हस्ताक्षर:-